an>

title: Regarding renaming the name of Bairagarh station to Sant Hriday Ram.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : माननीय अध्यक्ष महोदया, राजधानी भोपाल के पास उपनगर बैरागढ़ है, जहाँ पर हृदय राम जी नामक एक संत हुए। वहाँ के सभी प्रबुद्धजनों ने उस नगर का नाम संत हृदय राम के नाम पर रखने का आग्रह किया था। हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने उस नगर का नाम उस संत के नाम पर रख दिया है। लेकिन वहाँ पर जो रेलवे स्टेशन है, वह आज भी बैरागढ़ के नाम से ही जाना जाता है।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री जी धन्यवाद देते हुए आग्रह करना चाहता हूँ। धन्यवाद इसलिए देता हूँ क्योंकि भोपाल में जिन ट्रेनों के स्टॉपेज बंद किये गये थे, उन्होंने उनको यथास्थिति रखा है। मेरा आग्रह यह है कि बैरागढ़ स्टेशन का नाम संत के नाम से रखा जाए। साथ ही, बैरागढ़ स्टेशन को अपग्रेड किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बैरागढ़ स्टेशन भोपाल में होने के बावजूद भी पश्चिम रेल मंडल से जुड़ा हुआ है, इसे मध्य रेल मंडल में जोड़ा जाए। वहाँ पर जो स्टॉपेज दिया गया था, जिसे अभी रोक दिया गया है, यदि उसको पुनः चालू किया जाएगा, तो वहाँ के यात्रियों को इससे बहुत सुविधा मिलेगी।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री आलोक संजर द्वारा उठाये गये विÂषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।